**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.08.2025, जनपद गोण्डा।**

**पदोन्नति**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उप- निरीक्षक मोटर परिवहन को निरीक्षक मोटर परिवहन के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गयी।**

आज दिनाकं 04.08.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में नियुक्त उप- निरीक्षक मोटर परिवहन महेन्द्र प्रसाद यादव को निरीक्षक मोटर परिवहन के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने नई जिम्मेदारियों को भलिभाँति समझे तथा प्राथमिकाता के आधार पर जनता की जनसमस्याओं को सुने व उनके समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण शत-प्रतिशत निस्तारण कराए।

**इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा वर्मा व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.08.2025, थाना परसपुर**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना परसपुर पुलिस द्वारा अवैध देशी तमंचा के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री विनय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अवैध देशी तमंचा के साथ आरोपी अभियुक्त शिवांश सिंह पुत्र समरजीत सिंह नि0 ग्रा0 धोबही गजसिंहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा को डेहरास नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 04.08.2025 को थाना परसपुर के उ0नि0 सौरभ वर्मा मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर की सूचना पर डेहरास नहर पुलिया के पास से अभियुक्त शिवांश सिंह पुत्र समरजीत सिंह नि0 ग्रा0 धोबही गजसिंहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद मिसफायर कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना परसपुर पर मु0अ0स0- 325/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना परसपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. शिवांश सिंह पुत्र समरजीत सिंह नि0 ग्रा0 धोबही गजसिंहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0- 325/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना परसपुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर
02. 01 अदद मिस कारतूस 12 बोर ।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 सौरभ वर्मा
02. कां0 अमित कनौजिया
03. कां0 रंजीत कुमार

**मीडिया सेल, गोण्डा।**